**खबर संक्षेप**

### वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक 29 को

**रादौर।** वेलफेयर एसोसिएशन रादौर के सदस्यों की बैठक 29 जून को शाम साढ़े 6 बजे रॉयल गार्डन पैलेस में होगी। जिसमें कस्बे की समस्याओं पर विचार कर उनका समाधान करवाने की रणनीति बनाई जाएगी। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत दयाल कटारिया करेंगे। महासचिव मास्टर गुरचरण सिंह ने बताया कि बैठक में कस्बे की मांगों व समस्याओं पर चर्चा होगी। बैठक में कस्बा में सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, बेसहारा पशुओं और बंदरों को पकड़ने को लेकर नपा सचिव को ज्ञापन सौंपेंगे।

### 14 ग्राम हेरोइन के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** हजारों रुपये की हेरोइन के साथ पुलिस ने एक नशातस्कर को गिरफ्तार किया है। फरकपुर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 14 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी। फरकपुर पुलिस चौकी में तैनात पीएसआई रजत कुमार ने बताया कि वह रात आठ बजे टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी की नई पीर बाबा जवाहर नगर कॉलोनी में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर जाकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से 14 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान कॉलोनी के चितरंजन के रूप में हुई।

## अब धान की रोपाई में तेजी आने की संभावना बनी

# जिले में बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत निचले इलाकों में भरा पानी, परेशानी

सुबह आसमान में छाए बादल, मंद हवाओं के साथ शुरू हुई बरसात, जिले के तापमान में आई गिरावट प्रोफेसर कॉलोनी में जलभराव, हॉस्टल रोड पर सीवर जाम, घरों में घुसा बरसाती पानी, धरे रह गए पानी निकासी के दावे




**यमुनानगर।** रविवार को हुई बारिश में भीगते हुए गंतव्य पर जाते लोग और निचले इलाकों में भरे पानी से गुजरते वाहन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में रविवार को हुई बारिश से जहां मौसम खुशगवार बन गया। वहीं, नीचले इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान हो गए। खास बात यह रही कि यमुनानगर के कई स्थानों पर गलियों में पानी भरने से नगर निगम द्वारा जलभराव को रोकने के लिए किए जा रहे इंतजामों की पोल खुल गई। वहीं, सुबह के वक्त तेज बारिश होने और दिन भर आसमान में बादल छाए रहने और बुंदाबांदी जारी रहने से मौसम खुशगवार बना रहा और तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

रविवार सुबह जिले में अचानक आसमान में बादल छा गए और मंद मंद हवा चलने लगी। कुछ देर के बाद जिले में कहीं तेज और तो कहीं हल्की बारिश शुरु हो गई। खास बात यह रही की सुबह के वक्त हुई कुछ देर तक तेज बारिश से यमुनानगर की प्रोफैसर कॉलोनी समेत कई नीचले इलाकों की गलियों में पानी भर गया। प्रोफैसर कॉलोनी के सुशील गर्ग ने बताया कि कुछ देर हुई तेज बारिश से उनकी कॉलोनी की गलियों में जहां बारिश का पानी भर गया। वहीं, कालोनी के हॉस्टल रोड पर सिवरेज बंद होने से गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया।

### घरों में गंदा पानी भरने से बीमारियों फैलने का खतरा

जिसके चलते गली से लेकर घरों तक गंदी बदबू फैल गई। वहीं, कॉलोनी वासियों ने आरोप लगाया कि निगम द्वारा बारिश के मौसम में जलभराव नहीं होने के लिए महीनों पहले तैयारियों शुरु की जाती हैं। मगर सभी तैयारियां धरी की धरी रह जाती हैं और पुख्ता बदोंबदस्त नहीं किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि अगले तीन चार दिन इसी तरह से बारिश हुई तो उनके घरों में पानी घुसने से भारी नुक्सान होगा।

लोगों का आरोप है कि हर साल पानी निकासी के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर बड़े बड़े दावे किए जाते हैं, परंतु स्थिति वही ढाक के तीन पात वाली रहती है। मामूली बरसात के बाद होने वाले जलभराव से पानी निकासी के दावे धरे के धरे रह जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि मामूली बरसात में शहर का यह हाल है तो फिर मानसून में क्या होगा इसकी तो शायद कल्पना भी नहीं की जा सकती। लोगों ने प्रशासन से मांग की कि कागजी दावे करने की बजाय जमीन पर उतरक काम करें, जिसका वास्तव में लोगों को फायदा मिल सके।

### अधिकमत 32 व न्यूनतम 26 डिग्री रहा तापमान

किसान राजबीर सिंह, खुशवंत सिंह, मनोज कुमार, सतबीर सिंह व राजपाल आदि ने बताया कि रविवार को हुई बारिश से धान की रोपाई में तेजी आएगी। इस बारिश से धान की रोपाई करने में किसानों का सिंचाई करने पर खर्च भी कम आएगा और जल्द धान की रोपाई होने में मदद मिलेगी। रविवार सुबह हुई बरसात के बाद पिछले कई दिनों से तेजी पकड़ रहे तापमान में आई गिरावट आई। जिले का तापमान अधिकतम 32 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रह गया। जिससे मौसम में ठंडक बन गई।



**यमुनानगर।** रादौर में शमशान घाट के पास क्षतिग्रस्त व गंदगी से अटा पड़ा नाला।

## नाला क्षतिग्रस्तः लोगों को सताने लगा बारिश में जलभराव का डर

- लोगों ने की गंदे नाले की साफ सफाई व मरम्मत की मांग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के शमशान घाट के नजदीक गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले की एक दीवार ढह जाने व साफ सफाई नहीं किए जाने से कस्बावासियों को बारिश होने पर जलभराव होने की चिंता सताने लगी है। कस्बावासियों ने जिला प्रशासन से क्षतिग्रस्त हुए नाले की रिपेयर व साफ सफाई करवाए जाने की मांग की है।

क्षेत्रवासी राजकुमार, कमल, हर्ष, अभिषेक, सुंदरलाल व कमलेश आदि ने बताया कि रादौर में आर्य चौक से लेकर ओड कॉलोनी तक गंदे पानी की निकासी के लिए नगरपालिका की ओर से नाला बनाया हुआ है। यह नाला शमशान घाट के नजदीक दीवार ढ़हने से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे नाला में पानी निकासी रुक गई है। नाला में पानी की निकासी रुकने के साथ ही उसमें गंदगी भरी पड़ी है। जिससे नाला में जहरीले मक्खी मच्छर व अन्य कीट पनपने लगे हैं। नाले की रिपेयर नहीं होने और सफाई नहीं होने पर बारिश होने से कस्बा में जलभराव की समस्या हो सकती है। उन्होंने इस संबंध में कई बार नपा के अधिकारियों को नाला की रिपेयर और साफ सफाई करवाए जाने के लिए अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक नाला की ना तो रिपेयर करवाई गई है और ना ही साफ सफाई करवाई गई है। उनका कहना है कि बारिश का मौसम शुरु होने वाला है। ऐसे में यदि तेज बारिश हो गई तो कस्बा में जल भराव हो सकता है। उन्होंने जिला प्रशासन से नाला की साफ सफाई करवाए जाने व रिपेयर करवाए जाने की मांग की।

### जल्द होगी रिपेयर

नगर पालिका के जेई कपिल कांबोज ने बताया कि नाला जहां से क्षतिग्रस्त है उसे जल्द ठीक करवा दिया जाएगा। इसके साथ ही नाला की साफ सफाई करवाई जाएगी। स्थानीय लोगों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

## बाइक मांगकर ले जाने के बाद नहीं की वापस, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- किसी काम के लिए बाहर जाने के बहाने मांगी थी बाइक

अलाहर रोड जठलाना निवासी सौरभ गोयल ने अजीत सिंह पर बाइक मांग कर ले जाने के बाद वापस न करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

अलाहर रोड जठलाना निवासी सौरभ गोयल ने बताया कि वह भव्यम लेमिनेशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में जॉब करता है। 15 जून को उसके पास अजीत सिंह आया व कहा कि उसे किसी काम से बाहर जाने के लिए बाइक की जरूरत है। उसने विश्वास करके उसे अपनी बाइक दे दी। इसके बाद अजीत सिंह ने उसकी बाइक वापस नहीं की। जब उसने आरोपी से संपर्क किया तो आरोपी ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया व बाइक देने से मना कर दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी अजीत सिंह के खिलाफ अमानत में खयानत करने के आरोप में केस दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी।

## आंख मूंद कर गूगल सर्च पर न करें भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



- एसपी ने आनलाइन कस्टमर केयर के नाम पर हो रही ठगी से लोगों को किया सावधान।

आनलाइन कस्टमर केयर के नाम पर हो रही ठगी को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस प्रशासन ने एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। जिसमें लोगों को गूगल सर्च पर आंख मूंद कर भरोसा नहीं करने की हिदायत दी है। जिला पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने जिलेवासियों को आनलाइन कस्टमर केयर के नाम पर हो रही ठगी से जिलेवासियों को सावधान करने के लिए आहवान किया है।

एसपी ने बताया कि गूगल सर्च पर आंख बंद करके भरोसा करना भारी पड़ सकता है। क्योंकि अक्सर लोग मोबाइल कंपनी से संबंधित, बैंक से संबंधित या किसी पार्सल डिलीवरी को लेकर तकनीकी सहायता प्राप्त करने के लिए अथवा अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए फटाफट गूगल से नंबर सर्च करके बात करने लग जाते हैं। ऐसा करने पर लोग गलत नंबरों के संपर्क में आ जाते हैं और साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। साइबर ठगों द्वारा वेबसाइट पर फर्जी प्लेटफार्म बना कर कुछ पैसे खर्च करते हैं और अपना फोन नंबर अलग अलग कंपनियों की टैक्निकल असिस्टैंट अथवा हेल्पलाइन नंबर आदि के रूप के सर्च इंजन पर प्रमोट कराते हैं। जब भी लोग किसी तकनीकी सहायता के लिए गूगल पर नंबर सर्च करते हैं तो साइबर ठगों के नंबर गूगल सर्च बार में सबसे ऊपर मिल जाते हैं। इन नंबरों पर सम्पर्क करने पर हमारी बात इन ठगों से होती है और हम इस पर ध्यान नहीं देते हैं। हम बात करते करते हुए वह जैसा बताता है हम वैसा ही करते जाते हैं। उसके कहने पर हम अपना डाटा बता देते हैं या किसी फर्जी लिंक पर क्लिक कर देते हैं। जिसके कुछ देर बाद जब हमारे खाते से पैसे कटने का मैसेज आता है तब पता चलता है कि हम फ्राड के शिकार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सतर्कता व सावधानी बरतकर हम इस प्रकार की ठगी से बच सकते हैं। ऐसे किसी भी अंजान नंबर पर सीधा काल न करें और पहले उस वैबसाइट की सत्यता परखें कि वह रजिस्टर्ड है या नहीं। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी होने पर घबराएं नहीं और तुरंत नैशनल साइबर कंप्लैंट पोर्टल नंबर 1930 पर कॉल करें। आनलाइन शिकायत दर्ज कराएं। जितनी जल्दी हो सके शिकायत दर्ज करवाएं। इसके अतिरिक्त साइबर अपराध थाना या नजदीक पुलिस स्टेशन में साइबर हैल्प डैस्क पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराकर साइबर अपराध के बारे में सहायता ली जा सकती है।

### चोरों ने दिनदहाड़े सूने घर को बनाया निशाना, नकदी और गहने चोरी

**यमुनानगर।** कस्बा व्यासपुर में चोरों ने दिनदहाड़े सूने घर में घुसकर 25 हजार रुपए तथा सोने की चार अंगूठियां चोरी कर ली। घटना के समय परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटे तो चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार ब्यासपुर निवासी लक्ष्मण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका घर एक्स सरपंच वाली गली में है।शनिवार को दोपहर एक बजे वह घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। करीब सवा दो बजे जब वह वापस लौटा तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से अलमारी में रखें 25 हजार रुपए तथा चार सोने की अंगूठियां गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## एक्सीलेंस आइकोनिक अवार्ड के लिए के डॉ.सौरभ आर्य का चयन



- श्री फिंगर्स एंटरटेनमेंट का 28 जून को देहरादून में होगा अवार्ड शो

**रादौर।** श्री फिंगर्स एंटरटेनमेंट संस्थान ने 28 जून को देहरादून में आयोजित हो रहे अवार्ड शो 2025 के लिए सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सौरभ आर्य को समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एक्सीलेंसी आइकोनिक अवार्ड के लिए चुना है। डॉ. सौरभ आर्य ने उनके इस अवार्ड के लिए चुनने पर फिंगर्स एंटरटेनमेंट संस्थान का आभार जताया। उन्होंने बताया कि फिल्म प्रोडक्शन व श्री फिंगर्स एंटरटेनमेंट द्वारा उन्हें एक्सीलेंस आइकानिक अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। समारोह में फिल्म अभिनेत्री ईशा दियोल भाग लेंगी। यह अवार्ड समाजसेवा व सत्यार्थ विचार सहित सत्य कीर्ति पुस्तक के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अवार्ड शो में भारत के विभिन्न राज्यों से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य वाली चयनित विभूतियां भाग लेंगी। उन्होंने इसके लिए एंटरटेनमेंट के प्रमुख अरुण घई व संयोजक प्रबंधक धीमानी राजपूत और समारोह समन्वयक शालिनी शर्मा का आभार जताया है।

### कार का शीशा तोड़कर ढाई लाख की नकदी व गहने चोरी

**यमुनानगर।** कस्बा ब्यासपुर खेड़ा मंदिर निवासी परीक्षित बख्शी ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 20 जून को अपनी कार में गांव भभोली गया था। उसने रात को आठ बजे कार को गांव में ही सड़क किनारे खड़े की थी। रात को करीब 11 बजे उसने देखा कि उसकी कार का शीशा टूटा हुआ है। अंदर से ढाई लाख रुपये की नकदी, दो जोड़ी टॉपर्स, सोने की चेन का लॉक गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## जगाधरी में 518 एनसीसी कैडेट्स को दिया बैटल क्राफ्ट और फायरिंग का प्रशिक्षण

**यमुनानगर।** 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी द्वार जगाधरी में आयोजित किए जा रहे दस दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में रविवार को कैडेट्स को फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट व फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। कर्नल जरनैल सिंह व कर्नल जितेंद्र सिंह दहिया के नेतृत्व में आयोजित शिविर में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 518 कैड्ट्स भाग ले रहे हैं। सूबेदार मेजर जसवंत सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को फायरिंग समेत विभिन्न प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि उनकी युद्धक तैयारियों



एवं व्यावहारिक कौशल में वृद्धि हो सके। शिविर में कैडेट्स को फील्ड क्राफ्ट प्रशिक्षण में छलावरण, छिपने की तकनीक, फायरिंग के दौरान गति तथा बचाव कौशल पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। बैटल क्राफ्ट में सेक्शन फार्मेशन, गश्त एवं रणनीतिक योजना के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा कैडेट्स को सशस्त्र प्रशिक्षण के अंतर्गत लाइव फायरिंग अभ्यास भी कराया गया। जो सुरक्षा मानकों के अंतर्गत किया गया। इससे वास्तविक युद्ध परिस्थितियों का अनुकरण करता है। कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं जिम्मेदारी की भावना का विकास होता है। प्रशिक्षण के सफल आयोजन में एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों की टीम, मेजर ममता ओबेरॉय,उमेश प्रताप सिंह, गुरविंदर सिंह व पुनीत कुमार मौजूद रहे।

## योग दिवस पर भाजपा नेताओं को सहना पड़ा वियोगः गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग

- छछरौली में भाजपा नेताओं का अधिकारियों पर निमंत्रण नहीं देने का आरोप

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के छछरौली में आयोजित सरकारी योग कार्यक्रम में भाग लेने के लिए स्थानीय भाजपा नेताओं ने अधिकारियों पर निमंत्रण नहीं दिए जाने का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा उन्हें योग कार्यक्रम में निमंत्रण नहीं दिए जाने से योग के स्थान पर वियोग सहना पड़ा है।

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने बताया कि गत शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत समेत पूरा विश्व योग कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उत्साहित हो रहा था। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आहवान पर जिला में भी जिलास्तर, ब्लाक स्तर व उपमंडल स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में छछरौली में भी प्रशासन द्वारा सरकारी योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मगर इस योग कार्यक्रम में उन समेत स्थानीय भाजपा नेताओं को भाग लेने के लिए निमंत्रण नहीं दिया गया। जिससे उनके मन को भारी ठेस पहुंची है। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों पर जानबूझकर स्थानीय भाजपा नेताओं को योग कार्यक्रम में भाग नहीं लेने के लिए सोची समझी साजिश बताया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने कहा कि भाजपा संगठन व जिला प्रशासन को इसके बारे में संज्ञान लेकर लापरवाही करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि इस प्रकार की लापरवाही दोबारा ना हो सके।

### 31 जुलाई को मनेगा शहीद उधम सिंह कांबोज का बलिदान दिवस

**रादौर।** युवा कांबोज सभा के तत्वावधान में 31 जुलाई को सुबह 10 बजे कस्बा में शहीद उधम सिंह कांबोज का श्रद्धापूर्वक बलिदान दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के प्रधान एवं पार्षद राजीव आर्य सन्नी करेंगे। कंबोज सभा के अमित कांबोज ने बताया कि कार्यक्रम में शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर समाज के लोग उन्हें अपनी श्रद्धांजलि भेंट करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यतक्रम में भाग लेने के लिए गांव गांव जाकर लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहीद उधम सिंह ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उन्होंने सभी से अपील की कि शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर पहुंचकर शहीद उधम सिंह कंबोज को अपनी श्रद्धांजलि दें।

- युवा कांबोज सभा रादौर द्वारा कस्बे में आयोजित किया जाएगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान जगाधरी में संत संकीर्तन कार्यक्रम

## अहंकार भक्ति मार्ग में सबसे बड़ी बाधाः भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया। साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने भक्ति मार्ग में आगे बढ़ने का महत्व बताया। उन्होंने ने कहा कि जब एक आत्मा मानव तन धारण करके पूर्व जन्मों के पुण्य संस्कारों के कारण भक्ति मार्ग का अनुसरण करती है। तब वह धीरे धीरे अपने मन के विकारों और कर्म संस्कारों से मुक्ति प्राप्त कर लेती है।

प्रारब्ध वश सुख दुख, हानि लाभ व मान अपमान आदि भाव जीवन में आकर एक साधक को विचलित करते रहते हैं। इनसे मुक्ति पाने का सरल एवं सटीक उपाय है कि यदि दुख से मुक्ति पाना चाहते हैं तो हमें सुख का भी त्याग करना होगा। मान सम्मान की इच्छा का त्याग किए बिना अपमान का भाव नहीं मिटेगा। लाभ की आकांक्षा त्याग कर ही हानि के भय से मुक्ति पाई जा सकती है। साध्वी ने समझाया कि ऐसी उच्च अवस्था हम तभी प्राप्त कर सकते हैं जब एक ब्रह्मनिष्ठ गुरू के सानिध्य में जाकर ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति करके अपने अंतःकरण में ही ब्रह्मानंद का अनुभव करते हैं। समय समय पर गुरु अपने दिव्य मार्गदर्शन एवं तपोबल के द्वारा साधक को भक्ति मार्ग में अग्रसर होने के लिए प्रेरित करता है।

यह क्रम कई जन्मों तक निरंतर चलता रहता है। जब एक साधक ब्रह्मज्ञान की ध्यान साधना आरंभ करता है। तब वह गुरु कृपा का संबल लेकर सर्व प्रथम अपनी बुद्धि के विचारों और मन के विकारों से जूझते हुए काम, क्रोध, मोह, लोभ, ईर्ष्या, द्वेष आदि पर सहज ही विजय प्राप्त कर लेता है। लेकिन अहंकार तब तक एक साधक के चित्त में सूक्ष्म रूप में पड़ा रहता है जब तक वह पूर्ण रूप से परमात्म तत्त्व में विलीन नहीं होता है। एक साधक को सदैव सावधान रहना चाहिए। क्योंकि भक्ति मार्ग में भी मान सम्मान पाने का भाव और एक सूक्ष्म अहंकार की इच्छा ही अति प्रबल रूप धारण करके अपने लक्ष्य के परम निकट पहुंच चुके एक साधक को भी पतन की गहराई में गिरा सकती है।

सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्य करने का अहंकार एक साधक के भक्ति मार्ग के लिए सबसे बड़ी बाधा है। हमारे चित्त का अहंकार इतना सूक्ष्म होता है कि जिसका एहसास हो पाना सरल नहीं है। लेकिन असंभव भी नहीं है। जब एक साधक पूर्ण समर्पण के द्वारा अपने मन वचन कर्म को गुरू आदर्शों में ढाल लेता है तब वह परिस्थितियों के द्वारा पड़ती हुई चोट को सहते हुए भक्ति मार्ग पर चलता रहता है। ऐसा सच्चा साधक मान अपमान से ऊपर उठ जाता है। उसका प्रत्येक पुरुषार्थ केवल अपने गुरू की प्रसन्नता पाने के लिए होता है । इसके लिए फिर उसे संसार में मान मिले अथवा अपमान।

